न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	प्रार्थना पत्र स्थानान्तररण मुकदमा संख्या 5/2023 राजेश कुमार व अन्य बनाम उपखण्ड अधिकारी सिकराय व अन्य	
09.06.2023	पत्रावली पेश हुई। अप्रार्थी संख्या 2 लगायत 6 की ओर से अधिवक्ता श्री निर्मल कुमार शर्मा उपस्थित। राजकीय अधिवक्ता उपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया। उपखण्ड अधिकारी सिकराय की रिपोर्ट संलग्न पत्रावली है। अधिवक्ता प्रार्थीगण एवं प्रार्थीगण को बार–बार आवाज लगवाई गई। किन्तु अधिवक्ता प्रार्थीगण अथवा प्रार्थीगण में से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। इससे प्रतीत होता है कि प्रार्थीगण विचाराधीन प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण को नहीं चलाना चाहते है। ऐसी स्थिति में न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिकराय में विचाराधीन प्रकरण संख्या 261/2022 उनवानी राजेश कुमार वगैरा बनाम रामस्वरूप वगैरा दावा अधिघोषणा इन्द्राज दुरूस्ती एवं स्थाई निषेधाज्ञा को अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण करने हेतु प्रार्थीगण राजेश कुमार, कमलेश कुमार, विष्णु कुमार पुत्रान रामस्वरूप जाति ब्राह्मण निवासी पीपलकी तहसील सिकराय हाल निवासी सिकन्दरा तहसील सिकराय जिला दौसा द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिकराय को भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ लेख भण्डार की जावे। निर्णय आज दिनांक 09.06.2023 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया। (सुरेश कुमार) अति. जिला कलक्टर दौसा (राज.)	Decision Copy 1151 31-7-2023

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official